UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः **291/11/CJ(JD)/G-2/2025-26** दिनांकः 22 जनवरी, 2026

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा–2023

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि रिट याचिका सं0 498 एवं 499 (एस0बी0)/2025 में मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 18.12.2025 के आलोक में मा0 आयोग द्वारा दिनांक 31.10.2025 को घोषित उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा–2023 का परीक्षा परिणाम निरस्त कर दिया गया है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 18.12.2025 के अनुपालन में सामान्य ज्ञान एवं अधिनियम और विधियाँ के प्रश्न पत्र से दो प्रश्न (Set 'A' Question No. 120, Set 'B' Question No. 86, Set 'C' Question No. 196, Set 'D' Question No. 160 and Set 'A' Question No. 145, Set 'B' Question No. 111, Set 'C' Question No. 71, Set 'D' Question No. 185) के उत्तर विकल्प परिवर्तित करते हुए क्रमशः D व C किये गये हैं तथा दो प्रश्न (Set 'A' Question No. 158, Set 'B' Question No. 135, Set 'C' Question No. 95, Set 'D' Question No. 59 and Set 'A' Question No. 150, Set 'B' Question No. 116, Set 'C' Question No. 76, Set 'D' Question No. 190) विलोपित किये गये हैं, जिसके फलस्वरुप संशोधित प्रवीणता सूची के आधार पर **उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा–2023** का संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 22 जनवरी, 2026 को घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थियों के सूचनार्थ संशोधित प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम, संशोधित कट ऑफ मार्क्स, संशोधित उत्तर–कुंजी एवं परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के संशोधित प्राप्तांक आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित कर दिये गये हैं। मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल, 2026 से किया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश यथासमय आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित किये जायेंगे।

-Sd-
(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव